LEGO

आयु
**0+**

**031102021**

# बेहतर दुनिया के लिए निर्माण के निर्देश



**Build THE Change**

# प्रिय समझदार लोगों।

शाबाश, आप हमें ध्यान से देख रहे हैं.
हम जानते हैं कि आप बहुत व्यस्त हैं और आपके पास करने के लिए बहुत से ज़रूरी काम हैं. समय अनमोल है, हम इस बात को समझते हैं. हालांकि, हमारा समय, खासतौर से हमारा भविष्य और वह दुनिया, जिसे आपने हमें सौंपा है, भी अनमोल हैं. यही वजह है कि आप हमारे विचारों को सुनने, उन बड़ेफ़ैसलों में शामिल होने के लिए, जिन्हें आप हमारी दुनिया और हमारे भविष्य के लिए ले रहे हैं और हमारे इनपुट को महत्व देने के लिए आपसे कुछ समय देने के लिए कह रहे हैं. हम चाहते हैं कि आप हमें बदलाव लाने वाले साथी के तौर पर प्रेरणा और नवाचार के लिए देखें.
हम खुद की प्रशंसा करना नहीं चाहते, लेकिन हमें लगता है कि जैव विविधता में दुनिया भर में हुई गिरावट से निपटने के लिए हमारे पास कुछ सुझाव मौजूद हैं, जिनसे आर्कटिक की बर्फ़ को पिघलने से रोका जा सकता है और दुनिया भर में प्राकृतिक आपदा का हल किया जा सकता है. दुनिया के संरक्षण के लिए हमारे पास अनगिनत सुझाव हैं.
हां, हो सकता है कि ये सभी सुझाव समझदार लोगों की नज़र में व्यावहारिक नहीं हों, लेकिन उन्हीं में प्रेरणा की वह रोशनी मौजूद है, जिन्हें वैज्ञानिक नीति-निर्माता, शहरी योजनाकारों, वास्तुविदों,और अन्य लोगों को अपनाना होगा और जलवायु संकट के प्रभावों को उलट देना होगा.
दुनिया भर में हम में से 6000 से अधिक लोगों ने इस पुस्तिका के उन दस निर्देशों में अपने विचारों का योगदान दिया है*, जो हमारे लिए सब कुछ हैं, लेकिन समान रूप से जो आपके साथ के बिना कुछ भी मायने नहीं रखते हैं.
शक्ति आपकी हो सकती है, लेकिन भविष्य हम सबका है.**
कृपया कार्रवाई करें.
कृपया हमें शामिल करें.






* ये दस निर्देश, LEGO Group द्वारा पूरी दुनिया के 7 देशों में संचालित किए गए 2021 के एक सर्वेक्षण में आगे दिए गए सवाल पर बच्चों की प्रतिक्रियाओं की प्रमुख दस श्रेणियों को दिखाते हैं "हमारी दुनिया की बेहतर देखभाल करने के लिए काम करने को लेकर दुनिया के नेताओं से आपकी क्या उम्मीदें हैं?"
साथ में दिए गए उद्धरण, सर्वेक्षण में बच्चों के जवाबों के और 2021 में दुनिया भर में आयोजित कार्यशालाओं से मिली प्रतिक्रियाओं के कुछ अंश हैं.

** बिलुंड, डेनमार्क में बच्चों की जनरल असेम्बली 2021 द्वारा दुनिया भर के लीडर को प्रस्तुत बच्चों के घोषणा-पत्र, द केपिटल ऑफ़ चिल्ड्रन से लिए गए उद्धरण


FSC
MIX
Paper
FSC™ C117818



LEGO, LEGO लोगो और the Minifigure, LEGO Group के ट्रेडमार्क हैं. ©2021 The LEGO Group. 93895_EN

# बेहतर दुनिया के लिए निर्माण के निर्देश




1



प्रदूषण और अपशिष्ट को कम करें.

2



प्रकृति की रक्षा करें.

3



कानूनों को बदलें.

4



समस्या की अनदेखी करना बंद करें: और ज़्यादा काम करें.

5


लोगों को शिक्षित करें.

6


उत्सर्जन को कम करें.

7


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग करें.

8


नेतृत्व, अपना व्यवहार बदले.

9


पर्यावरण में निवेश करें.

10


लोगों और आने वाली पीढ़ियों की मदद करें.


Build THE Change

LEGO


# 1



“पर्यावरण पर फैक्ट्रियों के हानिकारक प्रभाव को कम करें.”
"हर दिन रीसायकल करें और हर किसी से विनम्रता से ऐसा ही करने के लिए कहें."
"एक बार उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक की जगह रीसायकल की गई सामग्रियों से पानी की बोतलें बनाएं."



## प्रदूषण और अपशिष्ट को कम करें.




“दुनिया के 90% बच्चे हर दिन ज़हरीली हवा में सांस लेते हैं.”
- UNICEF, जलवायु संकट, बच्चों के अधिकारों का संकट है (2021), p50.


## 2












“वर्षावनों को काटना अवैध बनाएं.”
“हर देश में ज़मीन का विशेष प्रतिशत प्राकृतिक जंगल के लिए आवंटित होना चाहिए.”
"लुप्तप्राय वन्यजीवों की रक्षा के लिए और अधिक अभयारण्य बनाए जाने चाहिए."

# प्रकृति की रक्षा करें.



6x 1x 1x 1x


जैव विविधता के नुकसान से दुनिया भर में बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति भी बदतर हो जाएगी.
- UNICEF, जैव-विविधता, बच्चों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है (2020).

# 3






“उन लोगों पर ज़ुर्माना करें, जो पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं.”
"10 किमी से कम दूरी की यात्रा करते समय कार के बजाय बाइक का उपयोग करने के लिए कानून बनाएं."
"उत्सर्जन के बारे में और सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के समान स्वच्छ बिजली के और अधिक उपयोग के बारे में सख्त नियम."



## कानूनों को बदलें.




1x 1x 2x 2x 2x 1x

जलवायु परिवर्तन की वजह से होने वाले नुकसान से बच्चे के अधिकारों और सर्वोत्तम हितों की रक्षा के लिए बच्चों के लिए संवेदनशील जलवायु नीतियों को महत्वाकांक्षी और अत्यावश्यक बनाने की ज़रूरत है.
- UNICEF, क्या जलवायु परिवर्तन की नीतियां बच्चों के लिए संवेदनशील हैं? (2020), P5.


# 4





“तुरंत कार्रवाई करें और एक-दूसरे से बहस और दोषारोपण न करें, समय खत्म हो रहा है.”
“काम और काम करें, बहुत ज़्यादा बातचीत नहीं!”
“जलवायु परिवर्तन की सही स्थिति के बारे में जागरूक हों ... अभी कार्रवाई करें, कल पर न टालें.”

## समस्या की अनदेखी बंद करना बंद करें: और ज़्यादा काम करें.




1x 1x 1x 1x 2x 1x

उच्च जोखिम वाले देशों को विकास, उत्पादन और स्वच्छ ऊर्जा के अनुसंधान के लिए ज़रूरी वित्तीय राशि प्राप्त नहीं हो रही है.
- UNICEF, जलवायु संकट, बच्चे के अधिकारों का संकट है(2021), p96.


5



“ऐसे और प्रोग्राम बनाएं, जिनमें हमारे बच्चे शामिल हो सकें.”
"स्कूल के एक हिस्से के रूप में बच्चों को जलवायु संबंधी शिक्षा प्रदान करना ज़रूरी है."
"उन्हें हमारी कक्षाओं में बातचीत करने के लिए पर्यावरण को मुद्दा बनाना चाहिए."



# लोगों को शिक्षित करें.




4x 2x 2x 1x

"बच्चों को जलवायु शिक्षा और पर्यावरण संबंधी कौशल प्रदान करें, जो जलवायु परिवर्तन के उनके अनुकूलन और उसके प्रभावों की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है."
- UNICEF, जलवायु परिवर्तन, बच्चे के अधिकारों का संकट है (2021), p120.

6





"कारखानों में बनने वाली $CO_2$ को अवशोषित करने में मदद के लिए उनमें प्राथमिक तौर पर पौधे लगाएं."
"व्यस्त स्थानों जैसे शहर के केंद्रों में किसी भी कार की अनुमति तब तक न दें, जब तक कि आप कोई प्रमुख कर्मचारी न हों."
"इलेक्ट्रिक कारों को सस्ता बनाएं, ताकि उन्हें और अधिक लोग खरीद सकें."

# उत्सर्जन को कम करें.



4x 3x 1x 1x


देशों को उत्सर्जनों में 2030 तक 2010 के स्तर की कम से कम 45% तक कटौती करनी चाहिए ताकि गर्मी को 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखा जा सके.
- UNICEF, जलवायु संकट, बच्चे के अधिकारों का संकट है, (2021), p119.

# 7







“...मिल जुलकर काम करें, एक दूसरे के खिलाफ़ नहीं...”
“...ऐसे समाधान खोजें, जो सभी देशों के लिए संभव हों, चाहे वे कितने भी विकसित हों.”
“...जो मुझसे सहमत हैं, उन सभी को एक साथ इकट्ठा होना होगा और दुनिया को बचाना होगा!!!”



# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग करें.





“वैश्विक पर्यावरण को बेहतर अंतरराष्ट्रीय सहयोग से और संबद्ध, स्थानीय रूप से प्रासंगिक उपायों से सुरक्षित बनाया जा सकता है.”
- IPBES, जैव-विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित सेवाओं के बारे में वैश्विक मूल्यांकन रिपोर्ट (2019).

# 8



“उदाहरण रखकर नेतृत्व करें...”
“उन्हें खुद पर नज़र रखनी चाहिए और उन्हें मामूली मीटिंग के लिए दुनिया भर में हवाई यात्राएं नहीं करनी चाहिए.”
“बातचीत पर अमल करें और असल बदलाव लाएं.”



## नेतृत्व, अपना व्यवहार बदलें.



# 9



“दुनिया पर पैसे खर्च करना बंद कर दें.”
"ऐसे लोगों को और अधिक पैसे दें जो जलवायु परिवर्तन पर शोध कर रहे है या मददगार चीज़ें खोज रहे हैं."
"पर्यावरण संरक्षण में और अधिक पैसे और संसाधनों का निवेश करें."



## पर्यावरण में निवेश करें.





हवा, मिट्टी और जल प्रदूषण, जल की कमी और बाढ़ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेशों से दुनिया भर के लाखों-करोड़ों बच्चों पर जलवायु से संबंधित जोखिम में कमी आएगी.
- UNICEF, जलवायु संकट, बच्चे के अधिकारों का संकट है, (2021), p87-89.







"हमें बच्चों के भविष्य का निराकरण करना होगा, जो जलवायु परिवर्तन के परिणामों [के साथ] में जीवन जी रहे हैं."
“अगर [आपको] दुनिया की परवाह है, तो [आप] हमारे भविष्य के बारे में ज़्यादा परवाह करेंगे.”
“...जब किसी को मदद की ज़रूरत हो, तो हमें मुंह फेरना बंद करना होगा, तो परवाह करना शुरू करें.”



# लोगों और आने वाली पीढ़ियों की मदद करें.



1x 1x 1x 1x 2x 1x 1x

“...जलवायु परिवर्तन से बच्चों पर कई तरीकों से पड़ने वाले प्रभावों के बावज़ूद, जलवायु संबंधी नीतियां और संबंधित प्रक्रियाएं बनाने में और उनकी विषय-वस्तु में बच्चों को लगातार नज़रअंदाज़ किया जाता है.”
- UNICEF, जलवायु संकट, बच्चे के अधिकारों का संकट है, (2021), p96.

# हमारी अगली पीढ़ी

जोखिम में
बच्चे जीवन में सबसे अच्छी चीज़ों के हकदार हैं लेकिन जलवायु परिवर्तन से दुनिया भर के लाखों बच्चों के बुनियादी मानवाधिकारों को खतरा है.

मज़ेदार
बच्चे, खेल के ज़रिए अपने आसपास की दुनिया में खोजबीन करते हैं - पता लगाना, प्रयोग करना, चुनौती देना और सफल होना. चलिए उन्हीं की तरह बनें.

















रचनात्मक
बच्चों में कल्पना और कौशल होते हैं - रचनात्मकता, समस्या को सुलझाना, नवाचार, और सहयोग - यह जलवायु संकट को हल करने में योगदान के लिए आवश्यक है, लेकिन उन्हें वयस्कों की ओर से हमेशा ऐसा करने के लिए अधिकार नहीं मिलते हैं.

देखभाल
बच्चे, पर्यावरण के बारे में बहुत अधिक परवाह करते हैं और कार्य करने के लिए प्रेरित हैं, लेकिन उन्हें हमेशा यही लगता है कि वयस्क लोग ऐसे उदाहरण नहीं रखते हैं, ऐसी परिस्थितियां नहीं बनाते हैं, और ऐसे व्यवहारों का आदर्श नहीं रखते हैं, जिसकी उन्हें सफल होने के लिए ज़रूरत है.

## Build THE Change

पर्यावरण की सुरक्षा के इन निर्देशों को दुनिया भर के ऐसे बच्चों के इनपुट के आधार पर एक साथ रखा गया था, जिन्होंने “बेहतर दुनिया के निर्माण के निर्देश” रचनात्मक कार्यशालाओं में और LEGO Group द्वारा दुनिया भर के सात देशों में 8-18 वर्ष की आयु के 6000 से अधिक बच्चों के साथ संचालित अध्ययन में भाग लिया था.

LEGO Group में हम बच्चों में 21वीं सदी के ऐसे कौशल विकसित करने में मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनकी ज़रूरत उन्हें खेलने के ज़रिए भविष्य में विकसित होने के लिए है. समस्या का समाधान, गंभीरता से विचार करने, सहयोग, नवाचार, दोहराने जैसे कौशलों से बच्चों को ज़िम्मेदार बनने, सहभागी बनने और सशक्त वैश्विक नागरिक बनने में मदद मिलेगी.

# हमारी दुनिया

## बढ़ता तापमान

ग्रीनहाउस गैस की सांद्रता 2020 में नई ऊंचाई तक पहुंच गई है, जो कि रिकॉर्ड में अब तक का सबसे गर्म दशक रहा है.
तुरंत कार्रवाई के बिना, तापमान 2030 से पहले के हमारे सामूहिक लक्ष्य की तुलना में पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने की संभावना है.
ज़्यादा तापमान, बच्चे के इन बुनियादी मानवाधिकारों को खतरे में डालता है: भोजन, पानी, स्वच्छ हवा और आश्रय.***

## भोजन से संबंधित असुरक्षा

दुनिया के लगभग 10% बच्चों और वयस्कों को 2019 में भोजन से संबंधित असुरक्षा का अनुभव हुआ.*
जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन वैश्विक आवासों और जैव-विविधता को खतरे में डालेगा, यह संख्या बढ़ती जाएगी.*

## बड़े पैमाने पर विलुप्त होना

इस दौर के बच्चे दुनिया में इतिहास में बड़े पैमाने पर सबसे तेजी से होती विलुप्ति को देखेंगे.**
संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अगले कुछ दशकों के अंदर कई प्रजातियों के विलुप्त हो जाने की संभावना के साथ इस समय 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है, जिससे आगे पारिस्थितिकी चक्र और अस्थिर हो जाएगा.**

## अत्यधिक खराब मौसम

बढ़ते तापमान से, जम जाने के तापमान, गर्मी की लपटें, बाढ़, सूखा, जंगल की आग, तूफ़ान सहित मौसम की सबसे खराब स्थिति से जुड़ी घटनाओं को बढ़ने में सहायता मिलती है, जिससे लाखों बच्चों का जीवन जोखिम में पड़ता है और बच्चों और परिवारों को उनके घरों और समुदायों को छोड़ देने के लिए दबाव पड़ता है, इसकी वजह से उनके सामाजिक और शैक्षिक जीवन में और अधिक बाधाएं आती हैं.

## पिघलती बर्फ़

आर्कटिक क्षेत्र के तेज़ी से गर्म होने से ध्रुवीय जातियों के लिए खतरा पैदा होता है, दुनिया भर की मौसम प्रणाली बाधित होती है और समुद्र का जल स्तर बढ़ता है, जिससे जातियों और समुदायों के लिए खतरा पैदा होता है.*

## विस्थापन


2010-2019 से लेकर अब तक, जलवायु परिवर्तन की वजह से हर साल अनुमानित रूप से औसतन 23.1 मिलियन लोगों के विस्थापन हुए, जिनमें कई बच्चे शामिल हैं



स्रोत:
- * विश्व मौसम विज्ञान संगठन, वैश्विक जलवायु की स्थिति (2020).
- ** IPBES, जैव-विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित सेवाओं के बारे में वैश्विक मूल्यांकन रिपोर्ट (2019).
- *** UNICEF, जलवायु संकट, बच्चे के अधिकारों का संकट है (2021).













**LEGO Group** का परिचय
LEGO Group का मिशन, खेल की शक्ति के ज़रिए भविष्य के निर्माताओं को प्रेरित करना और उन्हें विकसित करना है. LEGO® System in Play से, जिसकी बुनियाद LEGO में है, बच्चे और प्रशंसक ऐसी चीज़ें बना सकते हैं और उनका पुनर्निर्माण कर सकते हैं, जिनकी वे कल्पना कर सकते हैं.

LEGO Group की स्थापना बिलुंड, डेनमार्क में 1932 में किर्क क्रिस्टियनसेन द्वारा की गई थी, इसके नाम की उत्पत्ति दो डेनिश शब्दों LEg GOdt से हुई थी, जिसका मतलब है, “अच्छी तरह खेलें.” इस समय, LEGO Group परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी है, जिसका मुख्यालय बिलुंड में है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है.

# बदलाव लाने का तरीका

बदलाव लाएं, LEGO Group का संवहनीयता से संबंधित प्रमुख शैक्षणिक प्रोग्राम है.

(गुप्त तरीके से) सरल और प्रभावी के तौर पर इसका परीक्षण एक दशक से अधिक अवधि के लिए दुनिया भर के बच्चों पर किया गया है.

बदलाव लाएं, बच्चों को वास्तविक दुनिया की पर्यावरण और सामाजिक चुनौतियों का समाधान विकसित करने के लिए संवहनीयता से संबंधित विषयों में खोजबीन करने का स्थान और मज़ेदार तरीका मुहैया कराता है.

इसमें भाग लेने वाले बच्चों के लिए हमारी प्रतिबद्धता यह है कि हम उनके सुझावों को फ़ैसला लेने वाले ऐसे लोगों की नज़र में लाएंगे, जो भविष्य की रूपरेखा बनाते हैं.






1. वास्तविक दुनिया संवहनीयता से संबंधित चुनौती के बारे में जानें.




2. तैयार हो जाएं...




3. समाधान बनाएं!




4. अपने विचार शेयर करें.

# खेल के ज़रिए सीखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

LEGO Group और LEGO Foundation, खेल के ज़रिए सीखने के लिए, वैश्विक शक्ति बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

हमारा लक्ष्य, बदलाव लाएं, जैसे व्यावहारिक शैक्षणिक अनुभवों के ज़रिए खेल को फिर से परिभाषित और शिक्षा के बारे में फिर से सोचने का है, जिनमें बच्चे सार्थक और आनंददायक अनुभवों, परीक्षण और चीज़ों को दूसरों के साथ आज़माने के ज़रिए सक्रिय रूप से सहभागी बन सकें.

हमारे लिए सफलता दुनिया के ज़्यादा-से-ज़्यादा बच्चों को अपने समग्र विकास के लिए रचनात्मक, सहभागी और जीवन भर के लिए शिक्षार्थी बनने वाले, व्यापक कौशलों वाले व्यक्ति बनते देखने का है.









# संवहनीयता के लिए हमारी प्रतिबद्धता



LEGO Group विरासत को आगे ले जाने के लिए संवहनीय भविष्य बनाने में और हमारे बच्चों के लिए बेहतर दुनिया बनाने में अपनी भूमिका निभा रहा है. हम बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों, अपने कर्मचारियों, साझेदारों, अनुदान संगठनों और विशेषज्ञों के साथ स्थायी प्रभाव डालने और आज के बच्चों को भविष्य का निर्माता बनने के लिए प्रेरित करने के लिए उनके साथ शामिल हो रहे हैं.
बदलाव लाना, जैसे शैक्षणिक प्रोग्राम के ज़रिए हम बच्चों को ऐसे कौशल और जानकारी देने के लिए काम कर रहे हैं, जिनकी ज़रूरत उन्हें भविष्य में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने और चक्रीय अर्थव्यवस्था में बदलने जैसी आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्रिय वैश्विक नागरिक बनने हेतु होगी.
इसके अलावा, हम पर्यावरण पर पड़ने वाले अपने प्रभाव को कम से कम करने, अपशिष्ट को खत्म करने और अपने उत्पादों और पैकेजिंग के लिए नई संवहनीय सामग्री विकसित करने के लिए भी काम कर रहे हैं.
दिसंबर 2020 में, LEGO Group पहली ऐसी बड़ी खिलौना कंपनी बन गई, जिसने $CO_2$ में कमी के लिए विज्ञान आधारित लक्ष्य की घोषणा की.







# हज़ारों बच्चों के सुझाव ...

हज़ारों बच्चों के सुझाव ...
दस निर्देश ... एक बड़ा सवाल ...
अभी ... कार्रवाई करें.
हमें उम्मीद है कि आप एक बेहतर दुनिया के निर्माण के इन निर्देशों से प्रेरित होंगे, जो आने वाले समय के निर्माता, बच्चों के द्वारा दिए गए हैं.
हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों की बातों को -उनकी चिंताओं, विचारों और आकांक्षाओं को अधिक से अधिक सुनें.
हमें ज़्यादा सार्थक रूप से उन्हें निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने के लिए काम करना चाहिए. चलिए तुरंत, गंभीरता से और ठोस रूप से काम करके उन्हें दिखाएं कि हमें उनके सुझावों को महत्व देते हैं. चलिए प्रभाव डालने और ज़्यादा स्पष्ट तौर पर दिखाई देने में उनकी मदद करें. जो प्रभाव वे देखना चाहते हैं, चलिए उसे बनाने के लिए उन्हें सशक्त बनाएं.
आखिरकार, बच्चे हमारी दुनिया के भविष्य में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक हैं. यह उनका भविष्य है, और इसे आकार देने में उन्हें शामिल होने की जरूरत है.
धन्यवाद,
The LEGO Group
दुनिया भर के बच्चों की ओर से.



Build THE Change